भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
पशुपालन और डेयरी विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1447
दिनांक 28 जुलाई, 2026 के लिए उत्तर

राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी)

1447. श्री बी. वाई. राघवेन्द्रः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (एनपीडीडी) की स्थापना के बाद से अब तक इसकी मुख्य विशेषताएं और प्रमुख उपलब्धियां क्या हैं और इस कार्यक्रम के घटक 'ए' के अंतर्गत दूध को ठंडा करने, परीक्षण और प्रसंस्करण के संबंध में बनाई गई अवसंरचना सहित इसके अंतर्गत कितनी प्रगति हुई है;

(ख) इस कार्यक्रम की स्थापना के बाद से अब तक इसके घटक 'ए' के अंतर्गत सरकार द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं की संख्या कितनी है और कर्नाटक को कितनी केंद्रीय निधि जारी की गई है;

(ग) कर्नाटक में घटक 'ए' के अंतर्गत निर्मित अवसंरचना का ब्यौरा क्या है और इसके अंतर्गत कर्नाटक में बनाई गई अतिरिक्त दूध को ठंडा करने, दूध खरीद और प्रसंस्करण की क्षमता का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(घ) इस कार्यक्रम के अंतर्गत कर्नाटक में लाभान्वित हुए दूध उत्पादकों और सुदृढ़ की गई डेयरी सहकारी समितियों की जिला-वार संख्या कितनी है; और

(ङ) सरकार द्वारा देश के ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों में छोटे और सीमांत दूध उत्पादकों, विशेषकर महिला डेयरी उत्पादकों के लिए डेयरी अवसंरचना का विस्तार करने और मूल्य संवर्धन, गुणवत्ता आश्वासन तथा बाजार तक पहुंच को मजबूत करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क) भारत सरकार (GoI) का पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD), वर्ष 2014-15 से पूरे देश में "राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (NPDD)" योजना कार्यान्वित कर रहा है। DAHD, GoI वर्तमान में NPDD योजना निम्नलिखित दो घटकों के साथ कार्यान्वित कर रहा है:

(i) NPDD का घटक क देश भर में गुणवत्तापूर्ण दूध परीक्षण उपकरणों के साथ-साथ प्राथमिक दूध संग्रह और प्रशीतन सुविधाओं के लिए अवसंरचना के निर्माण और सुदृढ़ीकरण पर ध्यान केंद्रित करता है, साथ ही पर्वतीय क्षेत्रों, उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों और संघ राज्य क्षेत्रों में प्रसंस्करण तथा मूल्य वर्धन अवसंरचना पर भी ध्यान केंद्रित करता है।

(ii) NPDD योजना का घटक ख, "सहकारिता के माध्यम से डेयरी", नौ राज्यों में संपूर्ण डेयरी मूल्य श्रृंखला में अवसंरचना के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करता है।

NPDD योजना के घटक क के तहत प्रमुख उपलब्धियां:

वित्तीय: वर्ष 2014-15 से वर्ष 2026-27 तक के लिए (दिनांक 17.07.2026 तक) 28 राज्यों और 3 संघ राज्य क्षेत्रों हेतु 4310.65 करोड़ रुपये (जिसमें केंद्रीय हिस्सा 3115.81 करोड़ रुपये है) की कुल लागत के साथ 263 परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है। इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए कुल 2601.95 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई है, जिसके लिए दिनांक 17.07.2026 तक 2278.11 करोड़ रुपये का उपयोग किया गया है।

वास्तविक :

(i) परियोजनाओं के अंतर्गत 23.05 लाख किसानों के नामांकन और 137.17 लाख किलोग्राम प्रतिदिन के अतिरिक्त दूध की खरीद के साथ 31838 डेयरी सहकारी समितियां (DCS) संगठित/पुनर्गठित की गईं।

(ii) 82 डेयरी प्रसंस्करण संयंत्रों को 28.85 लाख लीटर प्रतिदिन दूध प्रसंस्करण क्षमता के सृजन के साथ सुदृढ़ किया गया है।

(iii) ग्राम स्तरीय डेयरी सहकारी समितियों में 159.45 लाख लीटर प्रशीतलन क्षमता के साथ 6580 बल्क मिल्क कूलर, 47578 स्वचालित दूध संग्रह इकाई (AMCU) तथा डेटा प्रसंस्करण और दूध संग्रह इकाई (DPMCU) और 9810 इलेक्ट्रॉनिक दूध मिलावट परीक्षण उपकरण स्थापित किए गए हैं

(iv) दूध के घटकों, रासायनिक और सूक्ष्मजैविक मानकों, मिलावट, अवशेष, भारी धातुओं आदि के परीक्षण के लिए 11 राज्य केंद्रीय प्रयोगशालाएं स्थापित की गई हैं। इसके अलावा, दूध और दूध उत्पादों के परीक्षण के लिए 315 डेयरी संयंत्र स्तरीय प्रयोगशालाओं को भी सुदृढ़ किया गया है।

(ख) NPDD योजना के घटक क के अंतर्गत, 455.21 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत के साथ कर्नाटक में 22 परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है, जिसमें 307.83 करोड़ रुपये का केंद्रीय हिस्सा शामिल है, जिसके मुकाबले अनुमोदित परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु 255.80 करोड़ रुपये की राशि केंद्रीय हिस्से के रूप में जारी की गई है।

(ग) और (घ) कर्नाटक सहकारी दुग्ध उत्पादक परिसंघ लिमिटेड द्वारा दी गई सूचना के अनुसार NPDD योजना के घटक 'क' के अंतर्गत, 20.96 लाख लीटर की कुल प्रशीतलन क्षमता के साथ 713 बल्क मिल्क कूलर स्थापित किए गए हैं, 7300 डेयरी सहकारी समितियों को सुदृढ़ किया गया है, डेयरी सहकारी नेटवर्क के अंतर्गत 5.64 लाख किसानों को नामांकित किया गया है और दूध की खरीद में प्रति दिन 64.28 लाख लीटर की वृद्धि हुई है। कर्नाटक में NPDD योजना के घटक क के तहत सृजित अवसंरचना का जिला-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(ङ) भारत सरकार का पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD), पूरे देश में डेयरी अवसंरचना का विस्तार करने और मूल्य संवर्धन, गुणवत्ता आश्वासन और बाजार पहुंच को सुदृढ़ करने के लिए, जिसमें देश के ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्र शामिल है, देश में निम्नलिखित योजनाएं लागू कर रहा है: -

(i) राष्ट्रीय गोकुल मिशन (RGM): देशी नस्लों के विकास और संरक्षण, बोवाइन आबादी के आनुवंशिक उन्नयन और बोवाइनों के दूध उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि के लिए कार्यान्वित की जा रही है।

(ii) राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (NPDD): दूध और दूध उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने और संगठित दूध खरीद की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए कार्यान्वित की जा रही है।

(iii) पशुपालन अवसंरचना विकास निधि (AHIDF): AHIDF योजना का उद्देश्य अन्य के अलावा दूध प्रसंस्करण और मूल्य वर्धन अवसंरचना का निर्माण/आधुनिकीकरण करना है।

(iv) डेयरी कार्यकलापों में लगी डेयरी सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों को सहायता (SDC और FPO): कार्यशील पूंजीगत ऋण पर ब्याज सबवेंशन के रूप में सहायता प्रदान करना।

****

अनुबंध

कर्नाटक में NPDD योजना के घटक क (वर्ष 2014-15 से वर्ष 2026-27) के तहत सृजित अवसंरचना का जिला-वार विवरण

क्र. सं.	दुग्ध संघ का नाम	जिले का नाम	स्थापित बल्क मिल्क कूलर		अतिरिक्त औसत दैनिक दूध खरीद (LLPD)	लाभान्वित किसानों की संख्या	सुदृढ़ीकृत DCS (AMCU/EMAT वगैरह लगाने सहित)
			सं.	क्षमता (KL)			
1	बेंगलुरु	बेंगलुरु ग्रामीण	30	86	1.39	21137	407
		बेंगलुरु शहरी	22	49	2.35	18780	294
		बेंगलुरु दक्षिण	68	192	4.68	40720	587
		कुल	**120**	**327**	**8.41**	**80636**	**1288**
2	बेलगावी	**बेलगावी**	**22**	**44**	**1.67**	**12122**	**149**
3	चामराजनगर	**चामराजनगर**	**0**	**0**	**2.11**	**10092**	**117**
4	चिकबलपुर	**चिकबलपुर**	**15**	**45**	**2.38**	**33832**	**445**
5	धारवाड़	धारवाड़	6	18	0.66	3293	52
		गडग	5	15	0.38	3010	45
		उत्तर कन्नड़	0	0	0.53	2505	62
		कुल	**11**	**33**	**1.56**	**8807**	**159**
6	दक्षिण कन्नड़	दक्षिण कन्नड़	9	27	1.48	13721	147
		उडुपी	0	0	0.88	5787	72
		कुल	**9**	**27**	**2.36**	**19508**	**219**
7	हसन	चिक्कमगलुरु	37	111	1.21	13460	154
		हसन	174	522	8.79	72572	852
		कोडागू	4	12	0.16	2772	30
		कुल	215	645	10.16	88705	1036
8	हावेरी	**हावेरी**	**22**	**66**	**1.05**	**16194**	**199**
9	कलबुर्गी	बीदर	0	0	0.03	1668	35
		कलबुर्गी	0	0	0.03	2213	25
		यादगीर	0	0	0.00	940	10
		कुल	**0**	**0**	**0.06**	**4820**	**70**
10	कोलार	**कोलार**	**22**	**66**	**3.24**	**31031**	**429**
11	मांड्या	**मांड्या**	**50**	**150**	**9.31**	**86972**	**1218**
12	मैसूर	**मैसूर**	**81**	**243**	**7.18**	**80819**	**873**
13	बेल्लारी	बेल्लारी	12	36	0.07	10647	83
		कोप्पल	10	30	0.42	4495	69
		रायचूर	0	0	0.17	1208	17
		विजयनगर	0	0	0.56	0	0
		कुल	**22**	**66**	**1.22**	**16350**	**169**
14	शिवमोगा	चित्रदुर्ग	13	39	1.39	9537	130
		दावनगेरे	21	67	1.95	16453	175
		शिवमोगा	21	71	1.94	11760	174
		कुल	**55**	**177**	**5.27**	**37750**	**479**
15	तुमकुरु	तुमकुरु	**60**	**180**	**7.89**	**44674**	**422**
16	विजयपुरा	बागलकोट	7	21	0.34	2580	21
		विजयपुरा	2	6	0.03	917	7
		कुल	**9**	**27**	**0.37**	**3497**	**28**
कुल योग			**713**	**2096**	**64.28**	**564675**	**7300**

नोट- KL-हजार लीटर; LLPD-लाख लीटर प्रति दिन, AMCU- स्वचालित दूध संग्रह इकाई, EMAT-इलेक्ट्रॉनिक दूध मिलावट परीक्षण मशीन